आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 17.09.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में ''स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार'' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रदेशवासियों से स्वच्छता की मुहिम से जुड़ने की अपील की।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय में विचाराधीन शिक्षकों के स्थानांतरण व वरिष्ठता को लेकर चल रहे परिवादों के शीघ्र निस्तारण के दृष्टिगत शिक्षा विभाग विशेष अपील दायर करेगा।
- प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर किया गया।

---

**स्वस्थ नारी सशक्त परिवार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के धार में ''स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार'' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की इस यात्रा के चार प्रमुख स्तम्भ है। भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान। श्री मोदी ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में विकसित भारत के इन चारों स्तम्भों को नई मज़बूती देने का काम हुआ है।

---

**स्वच्छता अभियान**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और सभी प्रदेशवासियों से स्वच्छता की मुहिम से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा स्वच्छता से संबंधित नियमित कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित भी किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाई और पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वच्छता रथ का फ्लैग ऑफ किया और पर्यावरण मित्रों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता आंदोलन ने देश को नए आयाम प्रदान किए हैं। स्वच्छ उत्सव भी इसी दिशा में एक संकल्प, एक आंदोलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य का वचन है।

---

## आपदा जानकारी

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज सुबह जिले के आपदा परिचालन केंद्र में राहत कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से आपदा प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, सड़क मार्गों की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन, पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है।

---

## िशक्षा विभाग

उत्तराखंड उच्च न्यायालय में विचाराधीन शिक्षकों के स्थानांतरण और वरिष्ठता को लेकर चल रहे परिवादों के शीघ्र निस्तारण के दृष्टिगत शिक्षा विभाग विशेष अपील दायर करेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को पत्रावली तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उच्च न्यायालय के एडवोकेट जनरल व मुख्य स्थाई अधिवक्ता को शिक्षा विभाग से जुड़े सभी प्रकरणों की पुरजोर पैरवी करने के लिये कहा गया है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में शिक्षा विभाग से जुड़े प्रकरणों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उच्च न्यायालय के एडवोकेट जनरल और मुख्य स्थाई अधिवक्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विभागीय मंत्री ने बताया कि शिक्षकों की वरिष्ठता विवाद का निस्तारण न होने से हेडमास्टर व प्रधानाचार्यो के सैकड़ों पद रिक्त चल रहे हैं। जिसका प्रतिकूल प्रभाव छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन पर पड़ रहा है। साथ ही शिक्षक शैक्षणिक कार्यों का बहिष्कार भी कर रहे हैं। जबकि स्थानांतरण न हो पाने के कारण भी कई विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। उन्होंने दोनों प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के लिये स्थाई अधिवक्ता सहित विभागीय अधिकारियों को मिलकर जोरदार पैरवी करने को कहा। बैठक में शिक्षा विभाग से जुडे शिक्षकों के वरिष्ठता प्रकरण एवं स्थानांतरण के साथ ही सहायक अध्यापक एलटी की भर्ती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

---

## आईटीआई

प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों– आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। राजकीय आईटीआई बेतालघाट नैनीताल में कार्यरत कुमाऊं मंडल के उप नोडल अधिकारी राजेंद्र पांडे ने बताया कि चयनित प्रशिक्षार्थियों को दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली के अंतर्गत दो वर्ष की प्रशिक्षण अवधि में पहले वर्ष आईटीआई में और दूसरे वर्ष चयनित कंपनी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ प्रशिक्षार्थियों को मानदेय भी दिया जाएगा।

श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक आईटीआई में प्रतिवर्ष रोजगार मेले आयोजित होते हैं, जिनसे प्रशिक्षार्थियों को परिसर से ही अप्रेंटिस और रोजगार मिल जाता है। साथ ही पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए समय–समय पर जिला उद्योग केंद्र और बैंक के प्रबंधकों को बुलाकर स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा की जानकारी दी जाती है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि जो छात्र–छात्राएं किसी कारणवश आईटीआई में प्रवेश नहीं ले पाए हैं या चयनित नहीं हो पाए हैं, वे अपने निकटतम आईटीआई से जानकारी प्राप्त कर 30 सितंबर तक प्रवेश ले सकते हैं।

## माल रोड नैनीताल

धंसाव के कारण अवरुद्ध हुई नैनीताल नगर की माल रोड पर लोक निर्माण विभाग एक नयी पहल शुरू कर रहा है। जिला सूचना कार्यालय पर लोवर माल रोड को अपर माल रोड से वायर क्रेट के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। विभाग की योजना, शीघ्र यह कार्य पूरा कर मल्लीताल की ओर आने वाले वाहनों को इंडिया होटल की जगह जिला सूचना कार्यालय के पास तक लोवर माल रोड से ही लाने और वहां से अपर माल रोड पर चढ़ाने की है। यहां से अपर माल रोड पर वाहन मल्लीताल तक दोनों ओर चलेंगे। गौरतलब है कि सामान्यतः अपर और लोवर माल रोड पर वाहन एक ओर चलते हैं। लेकिन लोवर माल रोड के जिला पर्यटन कार्यालय के पास क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इस सड़क का उपयोग तल्लीताल से केवल चिड़ियाघर रोड वाले डायवर्जन तक ही हो पा रहा है।